मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-125
11/03/2021

मुख्यमंत्री महाशिवरात्रि शोभा यात्रा के अभिनंदन महोत्सव में हुये शामिल

पटना 11 मार्च 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज खाजपुरा, बेली रोड स्थित शिव मंदिर के निकट महाशिवरात्रि शोभा यात्रा के अभिनंदन महोत्सव में सम्मिलित होकर भगवान भोलेनाथ, मॉ पार्वती एवं उनकी सवारी भगवान नंदी की आरती कर पूरे बिहार में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। महाशिवरात्रि महोत्सव के अवसर पर निकली शोभा यात्रा में शामिल संगठनों को प्रतीक चिन्ह भेंटकर मुख्यमंत्री ने स्वागत किया। महाशिवरात्रि महोत्सव के आयोजकों ने मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर अभिनन्दन किया। शोभा यात्रा में निकली भगवान भोलेनाथ की टोली का भव्य आरती और पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने शिव मंदिर, खाजपुरा जाकर भगवान भोलेनाथ एवं मॉ पार्वती की पूजा अर्चना भी की।

इस अवसर पर पत्रकारों से बात करते हुये मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों को महाशिवरात्रि की शुभकामनायें दी और राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि के साथ–साथ समाज में प्रेम, शांति, सद्भाव एवं भाईचारे की कामना की।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्रीमती रेणु देवी, शिक्षा मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन मंत्री श्री संजय कुमार झा, भाजपा सांसद श्री सुशील कुमार मोदी, विधायक श्री संजीव चौरसिया, विधान पार्षद श्री संजय मयूख सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

******